हरियाणा की ‘उड़नपरी’-परदादी ने 100 मीटर रेस में जीता गोल्ड मेडल

चर्चा में क्यों?

27 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 18वीं युवरानी महेंद्र कुमारी राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देशभर के युवाओं के साथ बुजुर्ग खिलाड़ियों ने भी अपना दम दिखाया, जिसमें हरियाणा की 106 वर्षीय ‘उड़नपरी’-परदादी रामबाई ने 100 मीटर रेस में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ‘उड़नपरी’-परदादी रामबाई ने अपनी तीन पीढ़ियों के साथ प्रतिभाग किया। रामबाई ने 100 मीटर, उनकी बेटी संतरा और पोती शर्मिला सांगवान ने 5 किमी. की दौड़ में प्रतिभाग किया।
- हरियाणा के चरखी दादरी ज़िले के गाँव कादमा की रहने वाली रामबाई राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी तीन पीढ़ियों के साथ 100, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद में 4 गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास बना चुकी हैं।
- रामबाई अपने गाँव की सबसे बुजुर्ग महिला हैं और उन्हें लोग ‘उड़नपरी’-परदादी कहकर बुलाते हैं। वो खुद को फिट रखने के लिये रोज सुबह 5-6 किमी. की दौड़ लगाती हैं।
- रामबाई ने 104 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी दौड़ शुरू की। उन्होंने और गुजरात के वडोदरा में नेशनल ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण पदक जीता था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-s-udanpari-great-grandmother-won-gold-medal-in-100-meter-race